हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 4 मार्च 2026

04 सड़क किनारे खड़ी क्रेन से टकराई कार, तीन की...



07 होली पर्व पर सुरक्षा इंतजाम, शांति व्यवस्था बनाने के...





# आस्था की अग्नि संग जली होलिका, चंद्रग्रहण के बाद आज सादगी भरी होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम


जिला मुख्यालय पर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात होलिका दहन का पावन पर्व श्रद्धा, परंपरा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विधिवत पूजन-अर्चन के बाद शहर सहित जिले में लगभग 100 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया गया। श्रद्धालुओं ने अग्नि की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि और हुड़दंग पर अंकुश लगाने के लिए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। गश्ती दल पूरी रात सक्रिय रहकर स्थिति पर पैनी नजर रखता रहा, जिससे पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सका। मंगलवार को पड़े चंद्रग्रहण का असर होली के उत्सव पर भी दिखाई दिया। ग्रहण के चलते बाजारों और कॉलोनियों की अधिकांश सड़कें अपेक्षाकृत सूनी रहीं। सूतक काल प्रारंभ होने से पूर्व ही मंदिरों में पूजा-पाठ और आरती की विधियां पूर्ण कर ली गई थीं। इस प्रकार आस्था, अनुशासन और सतर्कता के समन्वय के साथ होलिका दहन हुई। चंद्रग्रहण के मोक्ष पर नर्मदा के घाटों श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। वहीं आज गरिमा और शांति के वातावरण में जिले में रंगोत्सव का पर्व मनाया जाएग।

### कई स्थानों पर जली गोकाष्ठ होलिका

चंद्रग्रहण और भद्रा के साए में होली का त्यौहार नर्मदांचल में मनाया गया। इस दौरान सोमवार-मंगलवार की रात्रि अलग-अलग स्थानों पर द्वेष रूपी होलिका का दहन हुआ। कई स्थानों पर गोकाष्ठ और जैविक होली जलाई गई। जिसमें मुख्य रूप काले महादेव मंदिर, इच्छापूर्ति मंदिर, सातरास्ता काली मंदिर के पास होलिका दहन हुआ। वहीं गली-मोहल्लों और मुख्य कॉलोनियों में भी कंडों की होली जलाई गई। अच्छाई पर बुराई की जीत का प्रतीक होलिका से कई स्थानों पर पर्यावरण का संदेश भी दिया गया। देर रात होलिका दहन के बाद पुरूष व महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होलिका दहन के पूर्व सोमवार की सुबह से रात्रि तक बाजारों में जमकर रंग-गुलाल और पिचकारियों की बिक्री हुई। वहीं मंगलवा को चंद्रग्रहण के सूतक पहले कुछ कॉलोनियों में बच्चों ने रंगों का पर्व मनाया। हालांकि ग्रहण के सूतक के कारण मुख्य रूप से धुरेंडी का त्यौहार बुधवार को जिले में मनाया जाएगा। कई स्थानों पर फूलों की होली का भी आयोजन होगा।



### रंगों के महापर्व पर रहा ग्रहण का साया, मोक्ष के बाद नर्मदा तटों पर उमड़ी भीड़



**नर्मदापुरम।** रंगों के महापर्व पर इस वर्ष चंद्रग्रहण का साया रहा। जिसके कारण मंगलवार को रंग-गुलाल पर ब्रेक लग गया। अलसुबह से ही ग्रहण के सूतक के पहले मंदिरों में पूजा-पाठ और आरती कर मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। यह ग्रस्तोदित खंड चंद्र ग्रहण मंगलवार को दोहपर 3.20 से शुरू हुआ जिसका मोक्ष शाम को 7.02 बजे हुआ। ग्रहण के सूतक काल से लेकर ग्रहण के मोक्ष तक लोगों घरों में ही गुरूमंत्र, ओम नमःशिवाये,ओम चं चंद्राय नमः आदि मंत्रों का जाप किया। ग्रहण के मोक्ष के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ नर्मदा तटों पर उमड़ी और स्नान शुद्धि के बाद दरिद्रनारायणों को यथाशक्ति दान-पुण्य कर पुण्य लाभ कमाया। ज्योतिष के अनुसार चंद्रमा मन का कारक होता है अर्थात मन की प्रसन्नता के लिए चंद्रमा पर केतु के कारण लगे ग्रहण पर चंद्रमा का जाप करने से उनको फल मिलता है और मन पर पड़ने वाले अशुभ फल शुभ फल में परिवर्तित हो जाते है।

### बच्चों की त्वचा और श्वसन तंत्र संवेदनशील होने से रंगों का दुष्प्रभाव अधिक होता है...

# धुरेंडी पर स्वास्थ्य अलर्ट : केमिकल रंगों से बढ़ता खतरा, सादगी से रंगोत्सव मनाने अपील

जिले में रंगोत्सव पर्व पर डॉक्टर केमिकल युक्त रंग से बचने की सलाह दे रह है। साथ ही दूषित खानपान भी आपको बीमार कर सकता है ऐसे में सावधानी ही उपाए है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रंगोत्सव धुरेंडी के पावन अवसर पर जहां पूरा नर्मदांचल उमंग और उत्साह में डूबा है, वहीं चिकित्सकों ने लोगों से सावधानीपूर्वक रंगोत्सव मनाने कि अपील की है। विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि बाजार में मिलने वाले मिलावटी और केमिकल युक्त रंग आंख, त्वचा और श्वांस से जुड़ी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकते हैं। डॉक्टरों के अनुसार हर साल होली के बाद बड़ी संख्या में लोग एलर्जी, आंखों में जलन, त्वचा पर चकत्ते और सांस लेने में तकलीफ जैसी शिकायतों के साथ अस्पताल पहुंचते हैं।

रासायनिक रंगों के कारण मुख्य रूप से तीन प्रकार की एलर्जी देखने को मिलती हैं। चिकित्सकों ने लोगों से प्राकृतिक और हर्बल रंगों से ही होली खेलने की सलाह दी है। साथ ही दूषित और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करने को कहा है, क्योंकि त्योहारों के दौरान खानपान से जुड़ी बीमारियां भी बढ़ जाती हैं।

**डॉक्टरों की प्रमुख सलाह**

- आंखों की एलर्जी, लालिमा, जलन और संक्रमण।
- त्वचा संबंधी एलर्जी खुजली, सूजन और रैशेज।
- केवल प्राकृतिक (नैचुरल) रंगों का प्रयोग करें।
- आंख, नाक और मुंह में रंग जाने से बचें।
- होली खेलने से पहले त्वचा और बालों में सरसों या नारियल तेल लगा लें।
- अधिक समय तक गीले कपड़ों में न रहें।
- किसी भी एलर्जी या परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- हवा में मौजूद धूल और केमिकल वाले गुलाल के कारण लगातार छींक आना,नाक बहना या खराश आना जैसी समस्याएं होती हैं।



### युवा रहें सजग, मरीज बरतें विशेष सावधानी, बच्चों का ध्यान रखें

सावधानी और जागरूकता के साथ मनाई गई होली ही सच्चे अर्थों में खुशियों और स्वास्थ्य का संगम बनती है। रंगों के महापर्व धुरेंडी पर जहां उत्साह चरम पर है, वहीं जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सुनील जैन ने लोगों से सतर्क और संयमित तरीके से होली मनाने की अपील की है। डॉ. जैन ने विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि त्योहार के जोश में लिया गया गलत निर्णय गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं और दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। डॉ. जैन ने होली के दौरान कुछ महत्वपूर्ण सावधानियां अपनाने की सलाह दी है, उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा न करें। तेज धूप में लंबे समय तक बाहर न रहें। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। बाहर का दूषित या खुले में रखा भोजन न खाएं। केमिकल युक्त रंगों से दूरी बनाएं, प्राकृतिक रंगों का ही उपयोग करें। श्वास संबंधी बीमारी (जैसे अस्थमा या एलर्जी) से पीड़ित मरीज विशेष सावधानी बरतें और रंगों की धूल व भीड़ से बचें। खासकर बच्चों का विशेष ध्यान रखे।

### होली पर विशेष सौगात: तीन समय होगी जलापूर्ति

रंगों और उमंगों के महापर्व होली पर नगरवासियों को राहत और सुविधा देने के उद्देश्य से नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के विशेष निर्देश पर बुधवार को शहर में तीन बार जलापूर्ति की जाएगी। सुबह, दोपहर और शाम तीनों समय पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि त्योहार के दौरान किसी को भी असुविधा का सामना न करना पड़े। नगरपालिका अध्यक्ष ने समस्त नगरवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने अपील की कि सभी नागरिक होली को हर्षोल्लास के साथ मनाएं, लेकिन सावधानी भी बरतें। केमिकलयुक्त रंगों के स्थान पर हर्बल रंगों का प्रयोग कर अपने और पर्यावरण के स्वास्थ्य की रक्षा करें। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने भी नगरवासियों को रंगों के इस पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि त्योहार के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगरपालिका की इस पहल से होली के उत्सव में सुविधाओं का रंग और भी गहरा होगा।

# आत्महत्या से पहले अरुण ने अपने भाई को भेजा था संदेश, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम भटगांव में एक युवक द्वारा पहले युवती को गोली मारने और फिर स्वयं को गोली मारने के मामले में नया अपडेट सामने आया है। जिसके अनुसार अरुण ने घटना की रात अपने भाई को आत्महत्या करने संबंधी मोबाइल मैसेज भेजा था। मंगलवार को सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान ने बताया कि नर्मदापुरम के पुलिस अधिकारियों ने मीडिया को बताया है कि अरुण के पास से प्रेगनेंसी किट मिली थी। वहीं सोहागपुर पुलिस ने इस आशय की जानकारी स्थानीय मीडिया को नहीं दी। क्या यह पुलिस के बीच कोआर्डिनेशन की कमी है? जिस पर चौहान निरुत्तर रह गए। चर्चा में चौहान ने बताया कि 23 वर्षीय अरुण पुत्र गजेंद्र पुर्विया निवासी ग्राम गोरा मछवाई थाना भारकच्छ जिला रायसेन ने सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात 12:48 बजे अपने छोटे भाई अंकित को मोबाइल पर मैसेज भेजा था। जिसके अनुसार वह आत्महत्या कर रहा है। एसडीओपी चौहान के अनुसार अरुण का मोबाइल पुलिस को मौके पर मिला था। मोबाइल का लॉक अरुण के परिजनों से पूछकर खोल गया। तथा उसकी सोशल मीडिया सर्च हिस्ट्री जांच की गई तो पता चला कि अरुण पुर्विया ने यूट्यूब पर आत्महत्या करने से संबंधित वीडियो सर्च किए थे। इससे प्रतीत होता है कि वह ग्राम गोरा मछलवाई से भटगांव तक रिंकी पुर्विया के घर आत्महत्या करने के इरादे से आया था। चूंकि मामला प्रेम प्रसंग का हो सकता है, अतः प्रथम दृष्टया जांच में यह प्रतीत होता है कि पहले अरुण ने रिंकी पुर्विया को गोली मारी। उसके बाद अरुण ने स्वयं को गोली मार ली।

### 30 से अधिक सैंपल

उल्लेखनीय है कि अरुण पुर्विया तथा रिंकी पुर्विया के शवों का पोस्टमार्टम सोहागपुर शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। पोस्टमार्टम करने वाले दो चिकित्सकों में से एक चिकित्सक ने बताया कि दोनों शवों के 30 से अधिक सैंपल लिए गए हैं। वहीं जांच के लिए विसरा प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है। चिकित्सक के अनुसार दोनों को एक-एक गोली लगी थी, जिसके कारण ही उनकी मृत्यु हुई है। एक-एक गोली लगने का खुलासा दोनों शवों के एक्सरे के पश्चात हुआ है। और कहीं भी दोनों के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। बताया जाता है कि अरुण पुर्विया के शव की जांच दौरान सोहागपुर पुलिस को एक प्रेगनेंसी जांच किट भी मिली थी। जांच किट पैक्ड थी तथा इसका उपयोग नहीं किया गया था।

### दर्ज हुए मामले

मामले में सोहागपुर में दो पुलिस प्रकरण दर्ज हुए हैं। पुलिस के अनुसार सूचनाकर्ता सुरेश पिता दौलत सिंह पुर्विया निवासी भटगांव ने सूचना दी गई थी कि 1 मार्च 2026 की रात करीब 12 मैच देखने के बाद वह सो गया था। घर के ऊपर लड़कियां रिंकी व पिंकी, लड़का नीलेश, बहू रानू व दो छोटे बच्चे सोते हैं। दो मार्च की सुबह 6 बजे बहू रानू ने बताया कि पिंकी बाथरूम में मृत पड़ी है। छत पर देखा कि औंधी पड़ी रिंकी के सिर से खून निकल रहा था। बाजू में एक अंजान लड़का भी मृत अवस्था में पड़ा था। लड़के के बाएं हाथ में बंदूक रखी थी व छत पर बंदूक के दो खाली खोखे पड़े थे। घर के बाहर काले रंग की बाइक एमपी 37 एम डब्ल्यू 6407 खड़ी थी। रिपोर्ट पर मर्ग कायमी उपरांत मामला जांच में लिया गया है। दूसरी रिपोर्ट में अरविंद पिता कृष्ण कुमार ठाकुर निवासी गोरा मछवाई थाना भारकच्छ ने इस आशय की सूचना दी कि चाचा का लड़का अरुण पुर्विया रात से गायब था। सुबह करीब आठ बजे भटगांव से जानकारी मिली कि ग्राम गोरा के लड़के की मृत्यु हो गई है। परिजन भटगांव गए, जहां सुरेश पुर्विया के घर देखा कि अरुण बाथरूम में उल्टा पड़ा था व सिर में चोट लगी थी। बाएं हाथ के पास पिस्तौल रखा था एवं उनकी मृत्यु हो चुकी थी। पास में एक लड़की की भी सिर में चोट से मृत्यु हो गई थी। इस रिपोर्ट पर भी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार आगे जो भी तथ्य तथा साक्ष्य आएंगे, उनके अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी-साले की प्रताड़ना, व्यक्ति ने खाया था जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पत्नी तथा साले से प्रताड़ित होकर जनवरी 2026 में जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने मामले में जांच उपरांत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार 21 जनवरी 2026 को 32 वर्षीय राजेंद्र पिता भवानी प्रसाद शर्मा निवासी भौंखेड़ी खुर्द की जहरीला पदार्थ खाने से उपचार दौरान मृत्यु हो गई थी। मामले की जांच की गई तथा साक्ष्यों के आधार पर मामला खुला। जिसके अनुसार पाया गया कि राजेंद्र की शादी प्रीति शर्मा से 2013 में हुई थी। शादी के चार-पांच साल तक प्रीती अच्छे से रही। कुछ समय बाद प्रीति व साला मोहित शर्मा प्रीति की नाम पांच एकड़ जमीन करने व 15 लाख रुपए देने की बात पर से राजेंद्र से झगड़ा करने लगे। प्रीति झगड़ाकर छोटे बच्चों को लेकर मायके हरदा चली गई। जिसे लेने राजेंद्र कई बार गए, लेकिन वह नहीं आई। प्रीति एवं मोहित पांच एकड़ जमीन नाम करने व 15 लाख रुपए देने की बात पर दबाव बनाते थे। तीन वर्ष बाद राजेंद्र समझाकर प्रीति को लाए और पांच एकड़ जमीन तथा 15 लाख रुपये देने पर विचारकर दोनों साथ में रहने लगे। कई बार इसी बात को लेकर फिर दोनों में झगड़े हुए। सात जनवरी 2026 से राजेंद्र अपनी पत्नी प्रीति व साले मोहित से परेशान होकर कहीं चला गया था। 21 जनवरी 2026 को राजेंद्र दोपहर में घर वापस आया तो फिर विवाद हुआ और राजेंद्र ने जहर खा लिया। उपचार दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस द्वारा की गई संपूर्ण जांच पश्चात प्रीति शर्मा व मोहित शर्मा निवासी हरदा के खिलाफ धारा 108 बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### दिन का तापमान 35 पार

**नर्मदापुरम।** संभाग के कई हिस्सों में मार्च की शुरूआत साफ मौसम और तेज धूप के साथ हुई है। संभाग मुख्यालय और जिलों में दिन का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। नर्मदापुरम में अधिकतम तापमान 35.4 डिसे दर्ज किया गया। फूलों और आम के बौरों की खुशबू के बीच मौसम ने साफ और गर्म दिन का अनुभव कराया। मौसम विभाग के अनुसार, रंगोत्सव के बाद हवाओं और बादलों के बदलाव से तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

# 20 टीमों ने लिया था भाग, एसी शेड इटारसी ने डीजल शेड को हराकर जीती ट्रॉफी

**इटारसी।** रेलवे के नंबर वन मान्यता प्राप्त संगठन वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा के आह्वान पर आयोजित युवा जोड़ो अभियान अंतर्गत अंतर्विभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन 12 बंगला रेलवे ग्राउंड, इटारसी में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मेन के संयुक्त महामंत्री व जोनल महामंत्री अशोक शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष आरके शर्मा एवं मंडल सचिव कमलेश परिहार के निर्देशन में आयोजित किया गया। आठ दिनों तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट में रेलवे के विभिन्न विभागों की 20 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में एसी शेड इटारसी की टीम ने डीजल शेड को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को 5001 की राशि एवं ट्रॉफी स्वर्गीय श्याम किशोर तिवारी की स्मृति में प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम को 3001 एवं ट्रॉफी रमाकांत पांडे की स्मृति में सौरभ पांडे ने प्रदान की।

### महिला शिक्षिका से 1 लाख 80 हजार रुपए का किया था फ्रॉड

# दिल्ली से पकड़ा गया साइबर ठगी का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

देहात पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले का खुलासा किया है। जिसमें पुलिस आरोपी को दिल्ली से पकड़कर लाई है। आरोपी से रूपए बरामद होने के बाद पुलिस ने फरियादी को ठगी की राशि सौंपी तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। प्रीति वर्मा, निवासी नर्मदापुरम और पेशे से टीचर, एक महीने पहले साइबर ठगी का शिकार हो गईं। अज्ञात कॉलर ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर उनके क्रेडिट कार्ड के आखिरी चार अंक सही बताए और ओटीपी के माध्यम से खाते से 1.80 लाख रुपए निकाल लिए।

पुलिस ने बैंक ट्रांजेक्शन डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर आरोपी तक पहुंच बनाई। पता चला कि पैसे दिल्ली निवासी सुरेंद्र उर्फ प्रेम कुमार के खाते में ट्रांसफर हुए थे। अभिनंदनीय कार्रवाईः दिल्ली से आरोपी को पकड़कर नर्मदापुरम लाया गया। पुलिस ने ठगी की पूरी राशि प्रीति वर्मा को लौटा दी। परिजनों ने एसपी सांई कृष्णा थोटा के माध्यम से पुलिस टीम को धन्यवाद दिया। पूछताछ में आरोपी ने धोखाधड़ी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। मामले में अन्य संभावित आरोपियों एवं तकनीकी साक्ष्यों के संबंध में आगे की जांच जारी है। फिर रुपए वापस कराने की प्रक्रिया की। सोमवार को उसके बैंक खाते से रुपए वापस आ गए। रुपए वापस आने पर पीड़िता के देवर कुलदीप वर्मा एसपी ऑफिस पहुंचें और एसपी सांई कृष्णा थोटा, उनकी टीम का शुक्रिया अदा किया। देहात टीआई सौरभ पांडे, एएसआई दीपक पाराशर, प्रवीण शर्मा, आरक्षक चेतन नरवरे एवं साइबर सेल नर्मदापुरम से संदीप यदुवंशी, प्रशांत राजपूत एवं दीपेश सोलंकी की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दिल्ली पहुंचकर आरोपी सुरेन्द्र उर्फ प्रेम कुमार को हिरासत में लिया।

**सावधानी की अपील**

- किसी अज्ञात कॉलर को ओटीपी न साझा करें।
- अनजान लिंक या एपीके फाइल डाउनलोड न करें।
- किसी भी संदिग्ध ट्रांजेक्शन की तुरंत जानकारी बैंक या साइबर सेल को दें।

### कोतवाली में दर्ज हुआ मामला

जालसाज हर मौके को ठगी में बदलने के लिए नई-नई तरकीबें अपनाते हैं। होली के त्यौहार के बीच साइबर ठग सक्रिय हो गए हैं। रंगों के पर्व की आड़ में लोगों को शुभकामनाओं वाले संदेश भेजे जा रहे हैं। इन संदेशों में एक लिंक होता है जिसे खोलते ही मोबाइल हैक हो सकता है और बैंक खाते से राशि गायब हो सकती है। जिले में ऐसे मामले आते है जिन्हें लेकर साइबर पुलिस अलर्ट पर है साथ ही आमजनों को भी अलर्ट रहने की सलाह दे रही है। कोतवाली पुलिस ने तीन महीने पुराने एक मामले में अज्ञात के खिलाफ 2 मार्च को एफआईआर दर्ज की है। जिसकी शिकायत फरियादी ने स्वयं थाने पहुंचकर की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। दरअसल पुलिस द्वारा जारी डीएसआर में घटना 15 से 16 अक्टूबर 2025 के बीच की है। जिसमें फरियादी के साथ यूपीआई के माध्यम से ठगी की गई है। एकाउंट से कुल 96 हजार 780 रूपए की राशि अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी कर निकाल ली है।

सप्तम पुण्य स्मरण



माँ

चेहरे की झुर्रियों में, अनकही सी दास्तां है
आंखों की कोर में, यादों का एक आसमां है
छूटी जो ख्वाहिशें, उन्हें तकिए तले सरकाया था
बांटने जब चली रोटी, तो उसने अपना हिस्सा छुपाया था।
रात की खामोशी में बुनती थी मेरे उजले सवेरे
मेरी एक मुस्कान पर वार देती थी वो सारे सुख अपने गहरे
कड़े शब्दों में उसकी फिक्र की गर्माहट होती थी
मेरी तरक्की की सीढ़ी, उसके कधों की थकान से होकर जाती थी।
कभी जज्बात नहीं बताए, कभी अपने दर्द नहीं गिनाए
बस पल्लू के छोर से, आंसुओं के समंदर सुखाए
उम्मीदों की उस मूरत का, कभी मोल न दे पाऊंगा
तेरी परछाई बन कर भी, तेरा कर्ज ना उतार पाऊंगा।

विनम्र श्रद्धांजलि
स्व. श्रीमती उमाबाई विश्वकर्मा
देवलोक गमन - 04.03.2019

श्रद्धानवत्
भूपेंद्र विश्वकर्मा
अधिमान्य पत्रकार मप्र शासन
जिला ब्यूरोचीफ, हरिभूमि, नर्मदापुरम

शोकाकुल
श्रीमती सीताबाई विश्वकर्मा
पवन कुमार विश्वकर्मा (पति)
श्रीमती भावना विश्वकर्मा (पुत्रवधू)
कु. पूजा विश्वकर्मा (पुत्री)

## खबर संक्षेप

### स्कूटी-बाइक की भिड़ंत, 3 घायल

**बैतूल।** स्कूटी और बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में तीन लोगों के घायल होने की जानकारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिहार पेट्रोल पंप के पास पल्सर बाइक और स्कूटी आपस में टकरा गए। वाहनों की स्पीड का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तीन लोगों को गंभीर चोटे आई है। घायलों को 112 वाहन से तत्काल ओम यदुवंशी एवं पायलट द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायलों में हरिओम उइके, नरेश उइके गजपुर, विलास चिचोलीढाना बताए जा रहे है।

### लोहे के सरियों के नीचे दबा मजदूर, मौत

**बैतूल।** बीती रात सडक़ हादसे में 30 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। काम खत्म होने के बाद वह ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखे लोहे के सरियों पर बैठकर लौट रहा था, तभी चिखलार के पास ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। सरियों के नीचे दबने से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया और जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान बबलू (30) पिता मोती के रूप में हुई है। वह घोड़ाडोंगरी निवासी ठेकेदार अग्रवाल के लिए परशुराम चौक पर चल रहे निर्माण कार्य में मजदूरी करता था। बीती रात काम खत्म होने के बाद निर्माण स्थल से बचा हुआ लोहा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ठेकेदार के घर भेजा जा रहा था। बबलू उसी ट्रॉली में रखे लोहे के भारी सरियों के ऊपर बैठा हुआ था। रास्ते में चिखलार के पास अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और पलट गई। इस हादसे में बबलू सीधे लोहे के सरियों के नीचे दब गया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों और ठेकेदार ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे सरियों के बीच से बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे तत्काल बैतूल के जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया और हादसे की बारीकी से जांच की जा रही है।

### चंद्र ग्रहण के कारण मंदिरों के पट रहे बंद

**बैतूल।** वर्ष के पहले खग्रास चंद्र ग्रहण की वजह से शहर के प्रमुख मंदिरों के पट सुबह से बंद कर रहे। सुबह 6.20 बजे सूतक काल शुरू होते ही देवदर्शन वर्जित कर दिए गए। पट शाम 6.46 बजे ग्रहण समाप्ति और शुद्धिकरण के बाद खोले गये। शहर के कोठीबाजार, गंज सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में सुबह की आरती के बाद पट बंद कर दिए गए। शाम को ग्रहण समाप्त होने पर शुद्धिकरण किया गया। इसके बाद विधि-विधान से आरती हुई। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार सूतक काल में पूजा-अर्चना, मूर्तियों का स्पर्श और भोग लगाना वर्जित माना जाता है। इसी कारण दिनभर मंदिरों में नियमित धार्मिक क्रियाएं स्थगित रही। धार्मिक मान्यता के अनुसार ग्रहण के दौरान भोजन पकाना और खाना वर्जित माना जाता है।

### गाड़ी के गेट तोड़कर निकाले शव, ढाबे से लौट रहे थे 5 दोस्त

# सड़क किनारे खड़ी क्रेन से टकराई कार, तीन की मौत, दो लोग घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर में सोमवार देर रात हुए एक सडक़ हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार कार सडक़ किनारे खड़ी क्रेन से जा भिड़ी, जिससे मौके पर ही तीन युवकों की जान चली गई। दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जिला अस्पताल में जारी है। हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र के इटारसी रोड स्थित बसंत पेट्रोल पंप के पास करीब रात तीन बजे हुई। जानकारी के अनुसार कार क्रमांक एमपी 04-वायपी 3795 अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे खड़ी क्रेन एमएच 18, बीसी 9763 से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में पांच दोस्त सवार थे, जो खाना खाने के बाद लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। टक्कर के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कार में फंसे युवकों को बाहर निकालने के लिए दरवाजे और शीशे तोडऩे पड़े। घायलों को 108 एंबुलेंस और अन्य वाहनों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में गर्ग कॉलोनी के ऋतिक सोलंकी (30), रामनगर के वरूण (विनय) प्रजापति (21) और अभय ठाकुर (22) शामिल हैं। वहीं इस हादसे में गंज निवासी देवा पांडे (32) और रामनगर के आकाश पाल (30) घायल हुए हैं। दोनों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### पुलिस अधीक्षक ने की जिलेवासियों से अपील

पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन ने विशेष रूप से नशे के दुष्प्रभावों एवं उससे होने वाली सडक़ दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अक्सर त्यौहार की खुशी में लोग नशे की अवस्था में वाहन चलाते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटनाएँ होती हैं और कई परिवारों की खुशियाँ पलभर में मातम में बदल जाती हैं। पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने बैतूलवासियों से अपील करते हुए कहा कि नशे की हालत में वाहन बिल्कुल न चलाएं।

### हादसे के समय ऋतिक सोलंकी कर रहा था ड्राइव

*ऋतिक सोलंकी (21) भोपाल में किराए की टैक्सी चलाता था। हादसे के समय कार वही चला रहा था। अभय ठाकुर (22) एक फाइनेंस कंपनी में रिकवरी एजेंट था। वह इकलौता बेटा था। उसकी एक बहन है। वरुण (22) ने बी-फार्मेसी का कोर्स किया था और बैतूल के कांतिलाल मेडिकल स्टोर में इंटर्नशिप कर रहा था। वरुण दो भाइयों में सबसे छोटा है। वहीं, घायल देवा पांडे पढ़ाई कर रहा है। आकाश अपने पिता सचिन पाल के साथ डोना-पत्तल का व्यवसाय संभालता है। आकाश को बेहतर इलाज के लिए नागपुर रेफर किया गया है। हादसे में घायल देवा ने बताया कि हम खाना खाकर ढाबे से लौट रहे थे। कार की रफ्तार तेज थी। अचानक शायद कार के सामने कुछ आ गया तो ऋतिक ने हल्की सी कार घुमाई। उसने हैंड ब्रेक भी लगाया। कार घूमकर सडक़ के बाजू में जाकर टकरा गई। इसके बाद मैं बेहोश हो गया।*

## विधायक हेमंत खंडेलवाल ने जिला अस्पताल पहुंचकर जताया शोक

### घायलों के समुचित उपचार के दिए निर्देश



**बैतूल।** इटारसी रोड में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात हुए भीषण सडक़ हादसे में तीन युवकों का निधन और दो युवकों के घायल होने की घटना से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मंगलवार सुबह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मृतकों को श्रद्धासुमन अर्पित कर शोकाकुल परिजनों से भेंट की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है। लगभग एक घंटे तक जिला अस्पताल में मौजूद रहकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक श्री खंडेलवाल ने जिला अस्पताल और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मृतकों का पोस्टमार्टम करवाकर पार्थिव शरीर उनके निवास पर पहुंचाएं। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों की स्थिति की जानकारी ली तथा उपस्थित चिकित्सकों और अधिकारियों को बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

## वैज्ञानिक ज्ञान सभी के लिए सुलभ-प्रासंगिक होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्देश्य विज्ञान को शांति और विकास के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में प्रस्तुत करना है, और यह सुनिश्चित करना है कि वैज्ञानिक ज्ञान सभी के लिए सुलभ और प्रासंगिक हो। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का समापन मंगलवार को मेरा युवा भारत बैतूल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व अहिल्याबाई होल्कर महिला मंडल के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम जिसका योगाचार्य अंजलि योगी, चंद्रेश योगी, हुकुमचंद कलभोर, महिला मंडल अध्यक्ष तनुश्री के आतिथ्य में और धनंजय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ। विज्ञान के संबंध में जाना और समझा जिसमें चित्रकला निबंध रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। इस मौके पर अंजलि योगी ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारत में विज्ञान के महत्व को बढ़ावा देने और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। हुकुमचंद कालभोर और महिला मंडल अध्यक्ष तनुश्री ने कहा कि दिवस सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की याद में मनाया जाता है। चन्द्रेश योगी ने बताया की विज्ञान स्वयं को समाज के बीच संबंध को मजबूत करना, सार्वजनिक स्वास्थ्य और संसाधन प्रबंधन सहित मुख्य कार्य शोध जैसे कार्य करता है। इस मौके पर धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया कि इन दिनों चले कार्यक्रमों में युवक-युवतियों ने हिस्सा लिया।

## पुलिस ने होली के पूर्व अवैध शराब बेचते 1 आरोपी को किया गिरफ्तार



**बैतूल।** मुलताई पुलिस ने होली के पूर्व अवैध शराब बेचते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सोमवार रात्रि लगभग 8.30 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि हरीश बेलदार अपने घर के सामने अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में रखी अवैध शराब जप्त की गई, जिसमें 1 बोतल ब्लेंडर प्राइड, 12 पाव आरसी, 10 पाव व्हाइट फॉक्स, 5 पाव आइकोनिक फाइट, 5 पाव 8पीएम, 10 पाव सफेद देशी शराब कुल लगभग 03.5 लीटर शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 8,750 है, बरामद की गई। आरोपी से शराब रखने एवं बेचने संबंधी वैध लाइसेंस मांगा गया, जो प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी का कृत्य धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर उसके विरुद्ध थाना मुलताई में अपराध पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्रसिंह परिहार, सउनि एम.एल. गुप्ता, प्रधान आरक्षक गजराज अजनेरिया, प्रधान आरक्षक पुष्पा धुर्वे, आरक्षक नरेन्द्र कुशवाह, आरक्षक अरविंद एवं आरक्षक विवेक की विशेष भूमिका रही।

### विधायक ने किया निरीक्षण

## बैतूल में 3 करोड़ की राशि से बनेगा आधुनिक सर्किट हाउस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नेशनल हाईवे मार्ग पर अवस्थित होने तथा बढ़ते वीआईपी मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए बैतूल मुख्यालय पर 3 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सर्किट हाउस का निर्माण किया जाएगा। मंगलवार को विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के साथ वर्तमान सर्किट हाउस परिसर में प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण स्थल का अवलोकन किया। विधायक श्री खंडेलवाल ने निर्देश दिए कि नवीन सर्किट हाउस में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कॉन्फ्रेंस हॉल एवं उत्कृष्ट श्रेणी के कमरों का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सर्किट हाउस भवन ऐतिहासिक धरोहर है, इसलिए इसे रेस्ट हाउस के रूप में संरक्षित एवं उपयोग में रखा जाए। उन्होंने यहां 80 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि से नवीन कमरे एवं डोरमेट्री निर्माण के भी निर्देश दिए। साथ ही, नए सर्किट हाउस और रेस्ट हाउस के लिए संयुक्त अत्याधुनिक किचन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। एसडीओ पीआईयू श्री अजय सिंह तोमर ने बताया कि नवीन सर्किट हाउस/ अतिरिक्त कक्षों के निर्माण के लिए 3 करोड़ की राशि का आरंभिक बजट का प्रावधान किया गया हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, एसडीएम अभिजीत सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग प्रीति पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया जंगल को आग से सुरक्षा का संदेश

**बैतूल।** वन वृत्त बैतूल में दक्षिण वनमण्डल बैतूल अंतर्गत आठनेर वन परिक्षेत्र में वन संरक्षक मधु राज, वनमण्डलाधिकारी अरिहंत कोचर एवं उपवनमंडलाधिकारी संजय साल्वे के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी अतुल भोयर द्वारा परिक्षेत्र अंतर्गत 4 ग्रामों में वनों की अग्नि से सुरक्षा थीम पर नुक्कड़ नाटक का मंचन करवाया गया।

जागरूकता अभियान अंतर्गत परिक्षेत्र के ग्राम झुनकारी, कुमुंद्रा, कावला एवं मानी में बैतूल से आए आरंभ थिएटर ग्रुप द्वारा ग्रामीणों के समक्ष वनों की अग्नि से सुरक्षा पर आधारित एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक जंगल बचाओ, जीवन बचाओ का मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक में कलाकारों द्वारा महुआ का पेड़, धरती मां, ग्रामीण, वनरक्षक आदि किरदारों को निभाया गया। नुक्कड़ नाटक में महुआ के वृक्ष से महुआ बीनते समय अंगार ना लगाना, वन विभाग को समय पर सूचना देना एवं सहयोग करना, वृक्षों की कटाई ना करना, जंगल की आग से ग्रामीणों एवं वन्यप्राणियो को होने वाले नुकसान, जंगल ना रहेगा तो नदियों में पानी नहीं रहेगा, भूमिगत जल स्तर नीचे जाने से धरती मां का परेशान रहना आदि प्रसंगों का रोचक ढंग से मंचन किया गया। अंत में सभी ग्रामीणों ने जंगल की अग्नि से सुरक्षा हेतु शपथ ली। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र आठनेर का स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा वन विभाग की नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता फैलाने की इस पहल की सराहना की।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अनुसंधान उपकरण विषय पर कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जयवंती हाक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अनुसंधान के आवश्यक उपकरण विषय पर संपन्न हुई।

कार्यशाला भौतिकी विभाग, कंप्यूटर विज्ञान एवं कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग तथा महाविद्यालय की अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य शोधार्थियों, विद्वानों एवं विद्यार्थियों को आधुनिक अनुसंधान की नवीनतम पद्धतियों एवं उपकरणों से परिचित कराना था। कार्यशाला में व्यापक उत्साह देखने को मिला और ऑनलाइन माध्यम से 800 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया। इनमें से 500 विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से सहभागिता निभाई। कार्यशाला के प्रथम दिवस का शुभारंभ डॉ. चंद्रशेखर मेश्राम द्वारा अतिथियों के परिचय के साथ हुआ। पहले दिवस के वक्ताओं में डॉ. अक्षयकुमार मेश्राम, प्राध्यापक, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (एन.सी.ई.आर.टी.), भुवनेश्वर एवं डॉ. शैलेंद्र शेंडे, प्राध्यापक, शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, चंद्रपुर शामिल थे। द्वितीय दिवस डॉ. संदीप सुंदर अन्नासाहेब अरोटे, प्राध्यापक, संगमनेर नगरपालिका आट्र्स, डी.जे. मालपानी कॉमर्स एंड बी.एन. सरदा साइंस कॉलेज (स्वायत्त), संगमनेर ने स्पेक्ट्रोस्कोपिक तकनीकों की जटिलताओं को सरल भाषा में समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शीतल खरे टेलांगे ने कुशलतापूर्वक किया। प्रथम दिवस पर आभार प्रदर्शन डॉ. सुभाष खातरकर ने किया, जबकि द्वितीय दिवस का समापन डॉ. चंद्रशेखर मेश्राम ने धन्यवाद ज्ञापित करके किया। कार्यशाला को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्यों में डॉ. शारदा प्रधान, प्रो. शिव पवार, डॉ. सुदामा कोकाडे, प्रो. निधीश मिश्रा, डॉ. गोपाल पाटिल, प्रो. संतोष पाटिल, डॉ. दिव्या डांगी, प्रो. उपेंद्र भारती एवं दोनों विभागों के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## आज मनेगी धुरेंडी: पुलिस का सख्त इंतजाम, चौक-चौराहों पर रहे कर्मचारी

### 250 जवान, 40 फिक्स पिकेट्स व 9 मोबाइल यूनिट से निगरानी



**बैतूल।** जिले में अधिकांश जगहों पर सोमवार रात होली दहन किया गया, वहीं कुछ जगहों पर मंगलवार होली दहन हुआ, जबकि आज बुधवार को धुरेंडी मनाई जायेगी। रंगोत्सव को लेकर एक ओर जहां बच्चों में खासा उत्सव देखा गया, वहीं सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस ने बताया कि जिले में 250 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए हैं। पचमढ़ी पीटीएस से भी अतिरिक्त बल बुलाया गया है। 40 फिक्स पिकेट्स और 9 मोबाइल यूनिट लगाई गई हैं। साथ ही, सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल वाहन और ब्रेथ एनलाइजर से निगरानी रखी जाएगी। बता दे कि रंगों का त्योहार होली और धुरेंडी को लेकर पिछले कुछ दिनों से बाजारों में रौनक नजर आ रही है। शहर के प्रमुख बाजारों गंज चौक, कॉलेज रोड, सदर क्षेत्र और कोठी बाजार में रंग, गुलाल, पिचकारियां और होली से जुड़े सामानों की खरीदारी जोरों पर रही। बाजारों में भीड़ बढऩे से पूरा शहर रंगों से सराबोर नजर आया। बच्चों के बीच कार, बंदूक, फायर ब्रिगेड, पानी टैंक और कार्टून कैरेक्टर वाली नई डिज़ाइन की पिचकारियां खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। युवाओं के बीच हाई प्रेशर पिचकारियों और रंगीन वाटर गन की मांग रही। दुकानदारों का कहना है कि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में बिक्री बेहतर रही।

### प्रमुख चौक-चौराहों पर रही पुलिस जवानों की तैनाती

ग्रहण के कारण मंगलवार को लोगों ने धुरेंडी का पर्व नहीं मनाया, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस जवान तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। साथ ही, मोबाइल वाहन भी शहर में घूमते रहे। रंगों के मामले में भी इस बार बाजार में खूब विविधता देखने को मिली। पारंपरिक लाल, हरा और गुलाबी गुलाल के साथ हर्बल व प्राकृतिक रंगों की मांग रही। लोगों ने त्वचा और पर्यावरण को नुकसान से बचाने के लिए हर्बल रंगों को प्राथमिकता दी। दुकानदारों के अनुसार, भले ही इनकी कीमत सामान्य रंगों से थोड़ी अधिक थी, लेकिन लोगों ने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रंगों की खरीदी की। होली की तैयारियों में मिठाइयों की दुकानों पर भी चहल-पहल है। गुजिया, नमकीन और पारंपरिक व्यंजनों की भी बिक्री हुई। वहीं पूजन सामग्री की दुकानों पर भी भीड़ देखी गई।

### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित

# विधायक निधि कार्यों में विलंब पर सरपंच-सचिवों को नोटिस, 31 मार्च तक पूर्णता के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मंगलवार को तहसील कार्यालय के सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके, विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विधायकगणों द्वारा आगामी ग्रीष्मकाल में पानी की सुचारू आपूर्ति एवं जल संकट से प्रभावित होने वाले ग्रामों में तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जिला पंचायत नोडल रहे।



### ग्रामों में बेहतर पेयजल प्रबंधन सुनिश्चित करे: उइके

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने निर्देशित किया कि ग्रीष्मकाल में चिन्हित सभी ग्रामों में बेहतर पेयजल प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने हैंडओवर हो चुकी नल-जल योजनाओं का पुनः सर्वे कराने का सुझाव दिया, ताकि जहां योजना सुचारू नहीं है वहां सुधारात्मक कार्य किए जा सकें। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने प्रभावित ग्रामों में प्राथमिकता से पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में जल निगम अंतर्गत गढ़ा, मेढ़ा, वर्धा एवं घोघरी सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की गई। विधायक श्री खंडेलवाल ने प्रगतिरत कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए।

### खराब स्थिति वाले बैराज व डैमों की करें मरम्मत

विधायक गंगाबाई उईके ने घोड़ाडोंगरी के खर्राघाट क्षेत्र में बैराज/डैम प्रस्तावित करने की बात कही। साथ ही खराब स्थिति वाले बैराज एवं डैमों की प्राथमिकता से मरम्मत कराने तथा बैतूल नगर में नवीन डैम निर्माण के लिए साइट चयन करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि घोघरी डैम में वर्तमान में पर्याप्त जल उपलब्ध है, जिससे नगर में सुचारू जलापूर्ति संभव है। विधायक देशमुख ने पारसडोह परियोजना में लंबित मुआवजा प्रकरणों के निराकरण के निर्देश भी दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना के प्रस्तावित कार्यों की भी समीक्षा की गई। विधायकगणों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में आवश्यक सडक़ों को कार्ययोजना में शामिल करने, परफॉर्मेंस पीरियड की सडक़ों का अनिवार्य मेंटेनेंस सुनिश्चित कराने तथा भरापुरझ्रमेलगांव एवं मुलताईझ्रदुनावा मार्ग की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

### विधायक निधि के निर्माण कार्यों की समीक्षा

विधायक निधि एवं विशेष निधि अंतर्गत सामुदायिक भवन, पुलिया निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों की विधानसभा-वार समीक्षा की गई। प्रगतिरत कार्यों में संतोषजनक प्रगति न पाए जाने पर संबंधित सरपंच एवं सचिवों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सख्त निर्देश दिए गए कि 31 मार्च तक सभी निर्माण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिए जाएं। जिन कार्यों की प्रथम किश्त जारी हो चुकी है, उनकी जनपद स्तर पर समीक्षा कर पात्र कार्यों की द्वितीय किश्त जारी की जाए। 30 मार्च को पुनः समीक्षा की जाएगी।

खबर संक्षेप

### न्यायाधीश ने किया उमेश को सम्मानित

**सीहोर।** सीहोर के युवा उमेश पंसारी ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कुलगीत लेखन प्रतियोगिता में उनकी रचना को देशभर से आई प्रविष्टियों में सर्वश्रेष्ठ चुना गया और इसे विश्वविद्यालय का आधिकारिक कुलगीत घोषित किया गया। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में इस उपलब्धि के लिए उमेश को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता और विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. ऊषा टंडन ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और पचास हजार की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद उमेश ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और वे आगे भी विधिक शिक्षा और सामाजिक कार्यों में अपना योगदान जारी रखेंगे। इस उपलब्धि पर शहर के कई अधिकारीयों, विभागों, शैक्षणिक संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### 13 राशन दुकानों पर कार्रवाई, 8 पर मामला दर्ज

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने, राशन हितग्राहियों की ईकेवाईसी करने और अनियमितताओं को रोकने के लिए खाद्य विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

जिले भर में सुरक्षा के लिए 450 पुलिसकर्मियों की तैनाती, शहर में कड़ी निगरानी

# होली पर्व पर सुरक्षा इंतजाम, शांति व्यवस्था बनाने के लिए किए गए व्यापक प्रबंध

नर्मदापुरम जिले में होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिलेभर में गश्त, फ्लैग मार्च और सघन चेकिंग अभियान चलाए गए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से मनाने के उद्देश्य से जिले भर में पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर पुलिस द्वारा नियमित गश्त और जांच अभियान चलाया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का दौरा, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा ने होलिका दहन और होली पर्व के दौरान सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करने के लिए सोहागपुर और माखन नगर क्षेत्रों का भ्रमण किया।

इसके साथ ही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने इटारसी, केसला और पथरौटा क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा उपायों की स्थिति का जायजा लिया। इसके अतिरिक्त, समस्त अनुभागीय अधिकारी पुलिस ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया। 41 पेट्रोलिंग वाहन, फ्लैग मार्च और होलिका दहन स्थलों पर कड़ी निगरानीसुरक्षा को और मजबूत करने के लिए जिले भर में 41 पेट्रोलिंग मोबाइल वाहनों की तैनाती की गई, जो निरंतर गश्त करते हुए किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार थे। होली की पूर्व संध्या पर, सभी थाना क्षेत्रों में सायंकालीन फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों की भी उपस्थिति रही। इसके अलावा, जिले के 643 स्थानों पर होलिका दहन का आयोजन हुआ, जहां पुलिस ने निगरानी रखने के लिए फिक्स प्वाइंट लगाए थे।शराब पर कड़ी कार्रवाई, 102 क्वार्टर शराब जब्तहोली के मद्देनजर, पुलिस ने होटलों और ढाबों की सघन चेकिंग की और आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 102 क्वार्टर अंग्रेजी शराब जब्त की। इसके अलावा, शहर के प्रमुख सड़कों और चौराहों पर वाहन चेकिंग की गई, जहां 115 वाहन चालकों पर शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में एमवी एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की गई। नागरिकों से अपीलः सुरक्षित और शांति से मनाएं होलीपुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे होली के दौरान ट्रैफिक नियमों का पालन करें, शराब का सेवन न करें, और संदिग्ध गतिविधियों के बारे में पुलिस को तुरंत सूचना दें ताकि इस पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सके।कुल मिलाकर, होली पर्व के मौके पर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए व्यापक कदम उठाए हैं, जिससे जिले में शांति बनाए रखने में मदद मिलेगी।



# शुभ मुहूर्त में होलिका दहन आज मनाई जाएगी धुरेड़ी

## नारियलों की होली जलाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



श्री शंभू दरबार की ओर से पलाश परिसर में 5100 नारियलों की होलिका का दहन सोमवार रात को किया गया है। इस माध्यम से वन एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि होली पर ब्रम्हलीन संत पं. मनमोहन मुदगल की प्रेरणा से यह आयोजन प्रतिवर्ष पलाश परिसर में किया जाता था। अब पं. मुदगल के परिजन व कालोनी वासी इस परंपरा का पालन करते हैं। पं. प्रकाश मुदगल ने बताया कि सोमवार रात पलाश परिसर के सार्वजनिक मैदान पर होलिका की सजावट की गई एवं भजन संध्या आयोजित की गई। वहीं शुभ मुहूर्त में वैदिक विधान से हवन उपरांत होलिका का दहन किया गया। होलिका दहन उपरांत पलाश परिसर कॉलोनी वासियों ने फूलों की होली भी खेली। एवं सूखा गुलाल का तिलक एक दूसरे के मस्तक पर लगाकर पर्व की बधाई दी। इस दौरान पं. मुदगल के पिपरिया, नर्मदापुरम, भोपाल, नरसिंहपुर से आए शिष्य, नगरवासी तथा पलाश परिसरवासी उपस्थित रहे। वहीं शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में भी होलिका दहन किया गया। आथ धुरेड़ी पर्व खेला जाएगा।

# पिपरिया में परंपरागत होलिका दहन पर्यावरण संरक्षण के आदेश की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र और नगर पालिका परिषद क्षेत्र में इस वर्ष भी होली का त्योहार परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाया गया। मंगलवारा चौराहे पर भक्त प्रहलाद की मूर्ति स्थापित कर, हिंदू धर्म के अनुसार होली का दहन किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी के मुख्य आतिथ्य में पूजा अर्चना की गई। पचमढ़ी रोड स्थित दशहरा मैदान में भी होली एवं भक्त प्रहलाद की मूर्ति स्थापित कर विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पूजा अर्चना की।

हालांकि, मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद कंडों से होली जलाने की कोई सूचना नहीं आई। पर्यावरण संरक्षण के लिए यह आदेश जारी किया गया था कि कंडों से होली जलाने वाले समितियों को सम्मानित किया जाएगा, लेकिन इस दिशा में कोई प्रचार-प्रसार नहीं किया गया। पुलिस ने पूरी रात गश्त की, लेकिन कहीं भी कंडों से होली जलाने की सूचना नहीं मिली।

# पूर्व विधायक रघुवंशी का नगर में हुआ पुष्पहार से स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सिवनी मालवा के पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी 5 नवंबर से पैदल नर्मदा परिक्रमा पर है सोमवार को नगर के समीप ग्राम गुराडिया में रात्रि विश्राम कर मंगलवार माखन नगर पहुंचने पर वरिष्ठ समाजसेवी कुलदीप मिश्रा के प्रतिष्ठान पर शाल श्रीफल भेंट कर पुष्पहार से स्वागत किया गया।

ओम रघुवंशी के साथ उमेश रघुवंशी एवं भोला रघुवंशी भी मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा कर रहे हैं सुभाष चौक पर सेनानी परिवार के समाजसेवी पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष दीपक वर्मा ने अपने साथी फूलचंद वर्मा के साथ सभी परिक्रमा वासियों को शाल श्रीफल भेंट किए। पूर्व जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेंद्र गोयल के प्रतिष्ठान पलाश मोटर पर भी स्वागत किया गया आंचल खेड़ा में अग्रवाल कृषि फार्म पर सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की पूर्व विधायक ओम रघुवंशी ने बताया मां नर्मदा की प्रेरणा से परिक्रमा पर है मां नर्मदा हमारे सभी क्षेत्रवासियों का भला करें हम सभी परिक्रमवासी 5 मार्च को ओंकारेश्वर पहुंचेंगे। परिक्रमा वासियों का रामनारायण लल्ला भैया, मुकेश मालवी, उमेश तिवारी, प्रदीप शर्मा, दीपक शर्मा, ब्रज भारती बडगूजर, राजकुमार गुप्ता, अरुण तिवारी, कैलाश भगोरिया, संजय वर्मा, गिरीश वर्मा, अरविंद सोलंकी, अनिल चौरे, शेखर राजपूत, रत्नेश बडगूजर, मुकेश सोनी, हरि प्रजापति सहित अनेक लोगों ने पैदल कर रहे। नर्मदा परिक्रमा वासियों का मां नर्मदा की जयकारे लगाते हुए स्वागत किया।

# इटारसी के कलाकार बनेंगे छत्रपति शिवाजी: दुनिया के सबसे बड़े वॉटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मायानगरी मुंबई में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाने के बाद, इटारसी के गौरव अभिनेता राहुल चेलानी अब भारतीय इतिहास के सबसे प्रतापी नायक 'छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। महाराष्ट्र सरकार के 30 करोड़ रुपए के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में राहुल को मुख्य भूमिका के लिए चुना गया है। यह फिल्म दुनिया के सबसे बड़े म्यूजिकल वाटर फाउंटेन (मुंबई, पवई लेक) पर प्रदर्शित की जाएगी।

### हजारों के ऑडिशन और राहुल की बोलती आंखें

डायरेक्टर संगीत वर्मा ने इस ऐतिहासिक किरदार के लिए देशभर के हजारों अभिनेताओं का ऑडिशन लिया। राहुल के चयन की कहानी किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं है। बताया जा रहा है कि ऑडिशन के दौरान जब राहुल ने 'गढ़ आला, पण सिंह गेला (किला तो जीता, पर मेरा शेर चला गया) संवाद बोला, तो वे बिना ग्लिसरीन के सच में रोने लगे। उनकी आंखों की गहराई और भावनाओं के सटीक प्रदर्शन ने उन्हें 'मिस्टर परफेक्ट साबित कर दिया। निर्देशक संगीत वर्मा का मानना है कि इस मूवी में संवाद कम और आंखों का अभिनय ज्यादा है। राहुल की आंखें शिवाजी महाराज के तेज और दर्द को बखूबी बयां करती हैं।

### प्रोजेक्ट की खास बातें

- इतिहास और आधुनिकता का संगम
- यह केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि तकनीक और भव्यता का एक अनूठा संगम है।
- लोकेशन : मुंबई की प्रसिद्ध पवई लेक पर स्थित 180 मीटर चौड़ा और 40 मीटर ऊंचा दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजिकल फाउंटेन।
- तकनीक : 49 फायर नोजल, भव्य साउंड और हाई-एंड वीएफएक्स का उपयोग।
- प्रदर्शन : प्रतिदिन दो शो दिखाए जाएंगे।
- उद्घाटन : अप्रैल माह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री इसका भव्य उद्घाटन करेंगे (संभवत: प्रधानमंत्री की उपस्थिति में)।

### डेढ़ साल की तपस्या: समर्पण

एक मध्यमवर्गीय परिवार से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचने के लिए राहुल ने कड़ी मेहनत की है। इस किरदार की प्रमाणिकता बनाए रखने के लिए उन्होंने पिछले डेढ़ साल से दाढ़ी नहीं कटवाई। राजा भोज के सफल किरदार के बाद यह उनके करियर का दूसरा सबसे बड़ा ऐतिहासिक अवसर है। राहुल ने बताया कि किसी छोटे शहर के कलाकार के लिए शिवाजी महाराज जैसे युगपुरुष का किरदार निभाना सौभाग्य और जिम्मेदारी दोनों है।

# ट्रालियों को बनाया हैवी वाहन राहगीर और आमजनता परेशान

## ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से हुई थी बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सोमवार रात पेट्रोल पंप के पास एक ऑटो ने बाइक को कट मार दिया, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ा और चार साल के मासूम बच्चे मोहित की जान चली गई। बच्चे की मौत एक ओवरलोड़ ट्रेक्टर-ट्राली की चपेट में आने से हुई। इस घटना के पीछे कहानी यह कि क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनारी के खापा गांव में उप जेल के पास मौजूद कई एकड़ सरकारी जमीन को लीज पर देकर औद्योगिक क्षेत्र घोषित किए जाने के बाद यहां गुजरने वाले वाहनों के कारण राहगीर परेशान है। ट्रेक्टर-ट्रालियों में क्षमता से अधिक माल भरा जाता है जिसके कारण प्रतिदिन हादसे हो रहे है। आरोप है कि एक ही व्यापारी को अलग-अलग नामों से भूमि आवंटित की गई है, जो जेल की दीवार से सटी हुई है। इससे जेल सुरक्षा और आम लोगों की आवाजाही पर खतरा बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है,प्रशासन का कहना है कि निगरानी और चालानी कार्रवाई जारी है, जबकि औद्योगिक क्षेत्र के पदाधिकारियों ने ओवरलोडिंग के आरोपों से इनकार किया है। इस संबंध में एसडीएम आकिब खान ने बताया कि लगातार वाहनों पर नजर रखी जा रही है। तहसीलदार से लेकर सभी सक्षम अधिकारी चालानी कार्रवाई कर रहे है। वहीं औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष महेश दुदानी ने बताया कि ओवरब्रिज पर वाहन चढ़ नहीं पा रहे हैं। इसलिए समस्या है। कोई ओवरलोड वाहन नहीं है। एक दो हो सकते हैं। आगे सावधानी बरतें ऐसे निर्देश चालकों को दिये है। वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत ने कहा कि हमने हाल में शांति समिति की बैठक में कहा कि ओवर लोड़ वाहनों को सुबह 8 से रात 10 बजे तक बंद करने को कहा था लेकिन अभी तक नहीं हुआ है।

### समस्त तहसील मुख्यालय पर निकाला फ्लैग मार्च

**नर्मदापुरम।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा जिलेभर में सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन द्वारा सभी गतिविधियों पर निरंतर सजग दृष्टि रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। इसी क्रम में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले की संबंधित तहसील मुख्यालय पर संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से आमजन को सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया तथा शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है की जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था सर्वोपरि है एवं इससे किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही कानून व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों से फेक न्यूज एवं अफवाहों पर ध्यान न देने एवं ऐसी किसी भी प्रकार की गतिविधि को तत्काल रूप से प्रशासन या पुलिस को सूचित करने की अपील की।

# ट्रेन दुर्घटना व सड़क दुर्घटना के अलग-अलग मामलों में दो की हुई मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर क्षेत्र में गत दिवस दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मृत्यु हो गई है। पहली घटना में बैजनाथ रघुवंशी सोहागपुर रेलवे स्टेशन मास्टर के मेमो के आधार पर मर्ग कायमी की गई है। जिसके अनुसार मंगलवार सुबह 5:48 बजे डाउन गाड़ी क्रमांक 61617 के लोको पायलट ने रेलवे स्टेशन पर लिखित मेमो दिया कि रेल खंड गुरमखेड़ी सोहागपुर डाउनट्रेक किमी 79/12-20 के बीच ट्रैक के समीप बैठा आदमी ट्रेन से टकरा गया।

मृत पुरुष की उम्र लगभग 40 से 50 वर्ष होगी। जो किमी 790/14-16 डाउन रेलवे ट्रैक के बगल में मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायमी कर मामला जांच में लिया है। मृतक की पहचान बांसखापा के तखत सिंह पटेल पिता स्वर्गीय गर्व सिंह पटेल (गुर्जर) के रूप में हुई तथा ज्ञात हुआ कि तखत सिंह पटेल मानसिक रूप से बीमार थे। दूसरी घटना के लिये पुलिस ने प्रेसनोट जारी किया है।

जिसके अनुसार वीर सिंह गुर्जर पिता जसमन सिंह गुर्जर 42 वर्ष निवासी बरवानी ने सूचना दी कि छोटा भाई हमीर सिंह पत्नी पूजा को ट्रेन में बैठाने सुबह करीब चार बजे बाइक क्रमांक एमपी 05 एमडब्ल्यू 6040 से पिपरिया गया था। सुबह सात बजे गांव के मनोज का फोन आया। जिसने बताया कि हमीर सिंह का रोशनपुरा तिगड्डा मेन रोड शोभापुर में एक्सीडेंट हो गया है।

तब वीर सिंह व गांव के अन्य लोग गए तो देखा कि हमीर सिंह उम्र 38 वर्ष को एक्सीडेंट से शरीर में कई जगह चोट आई थी व मृत्यु हो चुकी थी। शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपा गया है। मामले में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से हमीर की मृत्यु होना प्रतीत हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## गेहूं चना एवं मसूर के किसानों के पंजीयन की संख्या बढ़ाई जाए, कमिश्नर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# अमृत 2.0 योजना की सतत निगरानी व मॉनिटरिंग की जाए: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नर्मदापुरम, बैतूल एवं हरदा के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह अमृत 2.0 योजना के तहत किए जा रहे हैं पेयजल एवं जल संवर्धन के कार्यों की सतत मॉनिटरिंग एवं निगरानी करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर फील्ड विजिट कर अमृत योजना के तहत किये जा रहे कार्यों का अवलोकन करें। कमिश्नर ने गेहूं, चना तथा मसूर की उपज लेने वाले किसानों के पंजीयन की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। बताया गया कि अभी तक नर्मदापुरम में 31 हजार 554, हरदा में 42 हजार एवं बैतूल में 7 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह किसानों का पंजीयन बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक उपाय करें। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष सभी जिले किसान पंजीयन की




संख्या को अधिक से अधिक बढ़ाएं। कमिश्नर श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना अभियान के अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की। अभियान के अंतर्गत श्रमिकों की पंजीयन की संख्या बढ़ाने पर उन्होंने बैतूल नर्मदापुरम और हरदा जिले की सराहना की और कहां की 15 मार्च तक अभियान संचालित रहेगा। इस दौरान और अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह संत रविदास योजना, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर योजना, टंट्या मामा भील योजना अंतर्गत 31 मार्च से पूर्व शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति कर हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए बैंक से ऋण राशि दिलाकर हितग्राहियों को ऋण राशि का वितरण भी सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने संबल योजना के अंतर्गत पोर्टल पर दर्ज अनुग्रह सहायता राशि के लंबित प्रकरणों पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए की किसी भी स्थिति में प्रकरण लंबित न रहे। बताया गया कि नर्मदापुरम में 185 बैतूल में 260 हरदा में 55 प्रकरण पेंडिंग है। कमिश्नर ने सभी लंबित प्रकरणों को 31 मार्च से पूर्व निराकृत करने के निर्देश दिए और कहा कि समस्त प्रकरणों का बारीकी से परीक्षण कर निराकरण करने के पश्चात हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि दिलाना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने समग्र आधार ई केवाईसी के कार्य की प्रगति की अदयतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये की समस्त जनपद पंचायते समग्र आधार ई केवाईसी के कार्य मैं तेजी लाए। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह आधार ई केवाईसी का कार्य कंप्लीट कराए। कमिश्नर ने आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज नामांतरण, सीमांकन, रास्ता का विवाद, अभिलेख दुरुस्ती करण, फार्मर रजिस्ट्री, बंटवारा के प्रकरणों में निराकरण की स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए की सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेज गति से कार्य करते हुए प्रकरणों का निराकरण किया जाए। उन्होंने रीडर आईडी एवं पीठासीन की आईडी में दर्ज लंबित प्रकरणों का भी समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही साइबर तहसील में प्राप्त राजस्व प्रकरणों को 10 दिन की समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। बताया गया कि पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर साइबर तहसील बैतूल में 11 नर्मदापुरम मे 20 प्रकरण लंबित है। कमिश्नर ने इन सभी लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकृत करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं शहरी की अदयतन स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पोर्टल पर प्राप्त सभी आवेदनों का परीक्षण करने के बाद पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए जाएं, इसके लिए उन्होंने हितग्राहियों के सभी आवश्यक दस्तावेजों का भी बारीकी से परीक्षण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने नर्मदा परिक्रमा पथ पर सिवरेज योजना के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने गीता भवन बनाने के लिए सभी जिलों को गीता भवन की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने एवं भवन बनाने के लिए जमीन चिंन्हित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने नगरीय क्षेत्रों में अवैध कॉलोनी पर प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अनु विभाग एवं विकासखंड स्तर पर ई ऑफिस के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिए की सभी अधिकारी ई ऑफिस से ही कार्य करना सुनिश्चित करें।

## गोलापुरा मोहल्ले में लोगों ने फाग गीत गाए, नाचते गाते होली मनाई

# चंद्रग्रहण के बाद भी लोगों ने मनाई होली, आज भी शहर सहित जिले भर में मनेगा होली पर्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शहर में मंगलवार को होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, हालांकि चंद ग्रहण का सूतक होने के कारण अधिकांश लोग बुधवार को होली मनाएंगे। सोमवार रात होलिका दहन के बाद मंगलवार को सुबह से ही शहर में कुछ लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। धुलेंडी पर लोगों ने रंग और गुलाल से एक-दूसरे को बधाई दी। इस बार चंद्रग्रहण के कारण कुछ स्थानों पर रंग खेलने में थोड़ी सावधानी भी देखी गई। शहर के अधिकांश बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले रहे, जबकि कई मोहल्लों में रंगोत्सव की रौनक दिखाई दी। बुधवार को भी जिलेभर में होली का उत्सव जारी रहेगा।

गोलापुरा मोहल्ले में लोगों ने एकत्र होकर फाग गीत गाए और नाचते-गाते होली मनाई। पड़वा तिथि पर समाज के लोग साथ आए और एक-दूसरे को रंग लगाया। गोसाई मंदिर में सर्वब्राह्मण समाज ने भक्त प्रह्लाद और भगवान श्रीकृष्ण-राधा से जुड़े पारंपरिक गीत गाकर उत्सव मनाया। शहर में जगह-जगह गेर भी निकाली गई। समाज के लोगों ने बताया कि ब्रजभाषा के पारंपरिक गीतों के माध्यम से होली की परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। होली को लेकर बच्चों और महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। बच्चों ने पिचकारी से रंग खेला, जबकि महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। कई लोग सुबह होलिका दहन स्थल पर पहुंचकर दर्शन करने भी गए। होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है और मोबाइल वाहन लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

### 70 से ज्यादा स्थानों पर जली होली

सोमवार रात को लगभग 70 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया गया। मंगलवार को भी शहर के बाजारों में रंगों और पिचकारियों की दुकानों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ रही है। शहर के गोलापुरा, खेड़ीपुरा, प्रताप टॉकीज चौक, बड़ा मंदिर चौक, तिलक भवन चौक, शिक्षक कॉलोनी, गुर्जर बोर्डिंग, फाइल वार्ड और नया बस स्टैंड सहित कई अन्य स्थानों पर होली जलाई गई। मल्हार मंदिर चौक पर इस बार गोबर के कण्डों से होलिका दहन हुआ। वहीं, शहर के बड़े मंदिर के पास वर्षों से होली जलाई गई। जहां महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजन करने पहुंची।

## जांच में जुटी पुलिस

# तीन दिन पहले नहर में डूबा बालक, झाड़ी में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के शर्मा कॉलोनी निवासी 14 वर्षीय कमलेश मलाजपुरे का शव मंगलवार सुबह नहर से बरामद किया गया। कमलेश रविवार को अपने चार दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया था, जहां सोनखेड़ी के पास तेज बहाव में बह गया था। जानकारी के अनुसार शव घटनास्थल से करीब 800 मीटर दूर अबगांव खुर्द के पास शंकर मंदिर की पुलिया के पास नहर की झाड़ियों में फंसा मिला। पुलिस ने शव को नहर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

कमलेश अपने चार दोस्तों के साथ बिना बताए नहर में नहाने गया था। नहाने जाने से ठीक पहले बाइक से जाते हुए उन्होंने एक वीडियो भी बनाया था। उसके साथ गए दोस्तों में केलनपुर निवासी शुभम साकल्ले, आयुष साकल्ले, जोशी कॉलोनी निवासी यश चावड़ा और शर्मा कॉलोनी निवासी मिलन सोलंकी शामिल थे। ये सभी साथी नहर से बाहर आ गए और उन्होंने किसानों व ग्रामीणों को घटना की सूचना दी थी। घटना स्थल पर कमलेश के कपड़े और चप्पलें मिली थीं। घटना के बाद से ही पुलिस और होमगार्ड के जवान बालक की तलाश कर रहे थे। होमगार्ड और एसडीईआरएफ की टीम ने बड़ी नहर में घटना स्थल से लेकर देवास के बीच करीब 16 किलोमीटर तक और पास की जुगरिया माइनर में करीब 8 किलोमीटर तक सघन तलाशी अभियान चलाया। जवानों ने नावों और पैदल चलकर भी नहर में सर्चिंग की, लेकिन बालक का शव नहीं मिला था।

मृतक कमलेश दो भाइयों में छोटा था और शहर के एक निजी स्कूल में सातवीं कक्षा में पढ़ता था। उसके पिता नर्मदाप्रसाद मलाजपुरे कृषि उपज मंडी में चौकीदारी करते हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। हादसे के दिन कमलेश का घर से दोस्तों के साथ बाइक पर नहर की ओर जाते समय का एक वीडियो भी सामने आया है।

# ऑटो चालक सम्मान समारोह, 50 से अधिक चालकों का हुआ सम्मान



**हरदा।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर, हरदा में विद्यार्थियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन को समर्पित 'ऑटो चालक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन ऑटो चालकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था, जो प्रतिदिन विद्यार्थियों को सुरक्षित घर से विद्यालय और विद्यालय से घर पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाते हैं।

समारोह में ऑटो रिक्शा संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें राधेश्याम माली सचिव, नरेंद्र कौशल उप सचिव, राजेश सोनी अध्यक्ष एवं नंदकिशोर धार्मिक उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा। हरदा क्षेत्र के 50 से अधिक ऑटो चालकों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी चालकों को विशेष उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य देवानंद सोनार एवं राजेंद्र तिवारी ने कहा कि ऑटो चालक बच्चों की सुरक्षा की पहली कड़ी हैं। डायरेक्टर संदीप केकरे ने चालकों के अनुशासन और समर्पण की सराहना की। उप प्राचार्य आरडी राजपूत ने विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन के प्रति उनकी सतर्कता के लिए आभार व्यक्त किया। ऑटो रिक्शा संगठन के पदाधिकारियों ने विद्यालय की इस पहल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से चालकों में अपने कार्य के प्रति गौरव और जिम्मेदारी का भाव बढ़ता है।




# आदर्श सामूहिक विवाह 20 अप्रैल को ग्राम सोनपुरा में

**रहटगांव।** ग्राम ढुलिया में श्री गौड़ मालवीया सुतार समाज की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आदर्श सामुहिक विवाह 20 अप्रैल 2026 को ग्राम सोनपुरा में किया जाएगा। जिसमें सभी सामाजिक बंधुओं से अपील की है कि आप अपने अपने क्षेत्रों से विवाह योग्य जोड़ो की सूचना आदर्श सामुहिक विवाह के लिए विवाह समिति का गठन किया गया। विवाह समिति के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद मालवीया ढुलिया होंगे। दुसरा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गया कि संपूर्ण जिले में मृत्यु भोज के कार्यक्रम में समानता रहे जिहमे सब्जी पुरी दाल चावल और नुकती हो। इसका पालन समस्त सामाजिक बंधुओं को दृढ़ता से करना है। तीसरा निर्णय लिया गया है कि सामाजिक पगड़ी और मामा पगड़ी के अलावा कोई पगड़ी नहीं करेंगे। जिला स्तर पर न्यायिक समिति का गठन किया जाएगा। जिला स्तर पर आर्डीट समिति का गठन भी किया जावेगा।उपरोक्त बिंदुओं पर बिचार कर सबकी सहमति से दृढ़ता से पालन करने का निर्णय लिया गया।

**संगठन मजबूती व जनसेवा का लिया संकल्प**

# नगर आगमन पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल बघेल के नगर आगमन पर स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के जिला पदाधिकारी, चिकित्सा प्रकोष्ठ के सदस्य, युवा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में उत्साह एवं संगठनात्मक एकजुटता देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत मां नर्मदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. बघेल का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया तथा शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर भी उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया।

अपने संबोधन में डॉ. बघेल ने कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान अभियान, निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जनजागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित किए जा रहे हैं। आगामी समय में इन गतिविधियों को और अधिक व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक शक्ति हैं। सेवा, समर्पण और अनुशासन के माध्यम से संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक एवं चिकित्सा सेवा गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए चिकित्सा प्रकोष्ठ की गतिविधियों की सराहना की और जनहित में निरंतर कार्य करने का विश्वास दिलाया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार, जनसेवा और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने अर्घ्य किए समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे अष्टानहिका का महापर्व के पावन अवसर पर समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज वर्तमान आचार्य समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 अक्षय सागर जी महाराज एवं नवाचार मुनि श्री उपसम सागर महाराज की असीम कृपा और आशीर्वाद से 24 फरवरी से 4 मार्च तक सात दिवसीय सिद्धपुर की नगरी में सिद्धों की आराधना करते हुए नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में सकल जैन समाज द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के छठवें दिवस श्रावक श्राविकाओ ने भक्ति भाव से 6 महा अर्घ समर्पित कर सिध्दो की आराधना कर धर्म लाभ अर्जित किया। जिसमें सकल समाज ने अपने पुण्य को उदय करते हुए शुभारंभ किया। जिसमें बहुत से लोगों ने अपनी चंचल लक्ष्मी का उपयोग करते हुए अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य जितेन्द्र कुमार बदामीलाल जैन लिलेहरिया एवं दीपक कुमार दीपाशुं गोलू जैन लिलेहरिया परिवार को प्राप्त हुआ।

प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से मंगलाष्टक और अभिषेक शांतिधारा नित्य नियम पूजन अर्चना नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान पंडित कपिल जैन के निर्देशन मे श्रध्दालुओ ने भक्ति भाव धार्मिक अनुष्ठान कर रहे है। दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति अध्यक्ष अजय जैन ने समस्त श्रध्दालुओ से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या मे पुनीत धार्मिक अनुष्ठान मे उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

**शहर के आधा दर्जन रेस्टोरेंट्स और नमकीन सेंटरों पर पहुंची टीम, त्योहार पर मिलावट रोकने की खानापूर्ति**

# खाद्य विभाग की औपचारिकता, दिवाली वाली रिपोर्ट का अब तक पता नहीं, होली से ठीक पहले नमूने लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



त्योहार आते ही प्रशासन का खाद्य विभाग एक बार फिर नींद से जागा है। होली के ठीक पहले मिलावट रोकने के नाम पर सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शहर के विभिन्न होटलों और रेस्टोरेंट्स पर दबिश दी।

हालांकि इस कार्रवाई को आमजन महज औपचारिकता मान रहे हैं, क्योंकि दीपावली के समय लिए गए नमूनों की रिपोर्ट का आज तक खुलासा नहीं हो सका है।कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देश पर टीम ने सीहोर और श्यामपुर के कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। शहर के मेवाड़ा रेस्टोरेंट, बालाजी रेस्टोरेंट, सरकार रेस्टोरेंट, यादव रेस्टोरेंट, श्याम रेस्टोरेंट और पूर्वा नमकीन सेंटर से खाद्य सामग्रियों के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे गए हैं। इसी तरह श्यामपुर में भी टीम ने दुकानों की जांच की और सैंपल लिए।पिछली रिपोर्टों का क्या हुआखाद्य विभाग की इस सक्रियता पर जनता सवाल उठा रही है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि विभाग केवल त्योहारों के समय फोटो खिंचवाने और औपचारिकता पूरी करने के लिए सैंपल लेता है। दीपावली के समय भी जिलेभर से भारी मात्रा में नमूने लिए गए थे, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उनकी लैब रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। होली पर मिलावट का खतराहोली के दौरान मावा, पनीर, घी और नमकीन की खपत बढ़ जाती है, जिसका फायदा उठाकर मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं। प्रशासन का दावा है कि इन नमूनों की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, लेकिन जब तक रिपोर्ट आती है, तब तक मिलावटी सामान बाजार में बिक चुका होता है।

## महादेव की होली में केवल गुलाल और फूल का होगा प्रयोग

# पांच मार्च को उत्साह के साथ मनाई जाएगी महादेव की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

दुनिया में भारत अपने त्योहारों के लिए एक अलग पहचान रखता है, यूं तो हर त्योहार प्रेम और सद्भावना से जुड़े हैं। महादेव की होली अब शहर ही नहीं पूरे देश की पहचान बन गई है। हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में काशी, मथुरा और बरसाने की तर्ज पर होगी सीहोर में महादेव की होली, इसकी तैयारियां पूरे शहर में की जा रही है। शहर 5 मार्च को भक्ति और आस्था के अनुपम रंग में रंगने जा रहा है। महादेव की होली इसलिए खास है कि महादेव की होली में केवल गुलाल और फूल का प्रयोग किया जाता है। महादेव की होली में पानी डालना या पानी में घोला गया रंग डालना वर्जित है। क्योंकि शिव भक्त दूर-दूर से आते हे जिनको वापस घर जाने पर दिक्कत होती है इसलिए पानी का प्रयोग वर्जित रहता है। केवल गुलाल और फुल ही प्रयोग किए जाते है। महादेव की होली शिव और गुरु के साथ खेली जाने वाली होली हे जो ये बताती हे की बड़ो के पास बैठोगे तो जीवन खुशियों के रंग से भर जाएगा। महादेव की होली शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर शिव मंदिर पर ही विराम होती है। महादेव की होली सिद्धपुर नगर सीहोर का गौरव हे जिसका इंतजार महिला पुरुष बच्चे बूड़े सब को रहता है। महादेव की होली शिव की होली हे पूज्य गुरुदेव बताते है कि केवल शिव ही एक ऐसे है जिनका रंग चड गया तो फिर उतरता नहीं हे बाबा खुशियों के रंग से जीवन को भर देते है। महादेव की होली गुरु के साथ पांच शिव मंदिर में होने वाली होली है। होली का पर्व शहरवासियों का है, इसमें छावनी, मंडी, गंज, कस्बा सहित अन्य के क्षेत्रवासी आस्था के साथ महादेव की होली खेलते है।

### एक लोटा केसरिया रंग करें समर्पित

इस संबंध में संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुरुदेव भागवत भूषण पं. प्रदीप मिश्रा के संदेश के अनुसार होली का एक अपना ही आनंद है। इस वर्ष पूरे देश के साथ शहर में भी महोदव की होली आस्था और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। गुरुदेव के संदेश के अनुसार प्रत्येक शिव मंदिर में मातृ शक्ति के अलावा सभी श्रद्धालु भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना करेंगे। इसके साथ केसरिया रंग एक लोटे में भरकर भगवान को समर्पण करेंगे और उसके बाद पूरे उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया जाएगा। धरती पुत्र भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि उत्साह पूरी शांति के साथ मनाए। महादेव की होली में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं पर सिर्फ गुलाल और फूलों से उनका स्वागत करे। महादेव की दिव्य होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। ब्रज की होली की तरह ही अब सीहोर की महादेव होली भी देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बना रही है। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के संदेश और मार्गदर्शन में संपन्न होगा। पंडित मिश्रा के आह्वान के बाद देशभर से श्रद्धालु इस पावन उत्सव में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं। 5 मार्च को सुबह 9 बजे छावनी स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर से होली की शुरुआत होगी। यहां केसरिया रंग और गुलाल से महादेव के साथ होली खेली जाएगी। इसके बाद शहर के अन्य मंदिर गुप्तेश्वर महादेव, पिपलेश्वर महादेव, नर्मदेश्वर महादेव होते हुए मनकामेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। शिव भजनों, ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजती रहेगी। मनकामेश्वर मंदिर पहुंचकर विशेष आरती के साथ आयोजन का समापन होगा। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि दुनिया ब्रज की होली देखती है, लेकिन महादेव होली का दर्शन कर आस्था के नए आयाम को अनुभव करने का अवसर है।



# वेटलिफ्टिर पाराशर हरियाणा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



आगामी 14 मार्च से हरियाणा के लोहारू में खेली जाने वाली मास्टर्स वेटलिफ्टिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 66 वर्षीय वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री पाराशर ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार 5 वर्षों से स्वर्ण पदक जीत आ रहे है और उन्होंने भरोसा दिलाया है कि इस वर्ष भी वह शानदार प्रदर्शन कर देश में अपने प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे और 65 से 69 आयु वर्ग में एवं 85 किलो भार वर्ग में मध्य प्रदेश को पदक दिलाने का प्रयास करेंगे इससे पहले तीन बार विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं एवं दो स्वर्ण पदक कॉमनवेल्थ में एवं एक स्वर्ण पदक एशियन गेम्स में प्राप्त कर चुके हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने 12 मार्च को भोपाल से दिल्ली एवं दिल्ली से लोहारू के लिए प्रस्थान करेंगे। 66 वर्षीय मोहन पाराशर का कहना है जब तक जीवित हूं देश को पदक दिलाने का प्रयास करता रहूंगा। मात्र 13 साल की उम्र में जिला स्तर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक गोल्ड हासिल करने वाले 66 वर्षीय वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने ग्राम बिलकिसगंज का नाम विश्व पटल में रोशन किया है। आज भी युवाओं जैसा शानदार प्रदर्शन करने वाले पाराशर आगामी दिनों में हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए रवाना होंगे।